प्रेस विज्ञप्ति

2024 में विश्व चाय निर्यात में भारत तीसरे स्थान पर पहुंचा

कोलकाता, मार्च 31: भारत ने कैलेंडर वर्ष 2024 (जनवरी-दिसंबर, 2024) के दौरान 7111.43 करोड़ रुपये के मूल्य प्राप्ति के साथ कुल 254.67 मिलियन किलोग्राम चाय का निर्यात किया, जो कैलेंडर वर्ष 2024 के दौरान विश्व चाय निर्यात परिदृश्य में चौथे से तीसरे स्थान पर पहुंच गया (आईटीसी डेटा के अनुसार)। इसे एक सराहनीय उपलब्धि माना जा सकता है, जो भारत सरकार, टी बोर्ड और भारतीय चाय उद्योग के सभी हितधारकों के सम्मिलित प्रयासों के परिणामस्वरूप संभव हो सकी।

2024 के दौरान, उत्तर भारत ने 4833.12 करोड़ रुपये के मूल्य प्राप्ति के साथ 154.81 मिलियन किलोग्राम निर्यात किया, जबकि दक्षिण भारत ने 2278.31 करोड़ रुपये के मूल्य प्राप्ति के साथ 99.86 मिलियन किलोग्राम निर्यात किया। मात्रा के संदर्भ में उत्तर भारत का योगदान 60.79% तथा मूल्य के संदर्भ में 67.96% रहा; जबकि मात्रा के संदर्भ में दक्षिण भारत का योगदान 39.21% तथा मूल्य के संदर्भ में 32.04% रहा।

इस बीच, भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत चाय बोर्ड इंडिया 1 अप्रैल, 2025 को अपना 72वां स्थापना दिवस मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। चाय अधिनियम 1953 की धारा 4 के तहत स्थापित चाय बोर्ड का गठन 1 अप्रैल, 1954 को किया गया था। चाय बोर्ड के पास केंद्र सरकार के निर्देशन में व्यापक कार्य और जिम्मेदारियां हैं, जिनमें चाय की खेती, विनिर्माण और विपणन के लिए सहायता प्रदान करना, निर्यात और घरेलू संवर्धन, चाय उत्पादन में वृद्धि और चाय की गुणवत्ता में सुधार के लिए अनुसंधान और विकास गतिविधियों में सहायता करना, श्रम कल्याण योजनाओं के माध्यम से बागान श्रमिकों और उनके बच्चों को सहायता प्रदान करना, असंगठित छोटे उत्पादकों के क्षेत्र को प्रोत्साहित करना और सहायता करना, सांख्यिकीय आंकड़ों का संग्रह और रखरखाव और प्रकाशन आदि और ऐसी अन्य गतिविधियां शामिल हैं जो समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा सौंपी जाती हैं।